## पूर्व दैनिक वेतन भोगी निकला करोड़ों की सम्पत्ति का मालिक

# ई.ओ.डब्ल्यू. द्वारा छापामार कार्यवाही

*** नगर परिषद भुआबिछिया में घोटाले का मामला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला में पदस्थ अधिकारी, कर्मचारी सरेआम भ्रष्टाचार के माध्यम से लाखों नहीं करोड़ो रूपये कमा रहे हैं लेकिन जिला प्रशासन द्वारा इन पर की गई कार्यवाही का शायद ही कोई उदाहरण सार्वजनिक हुआ हो हमेंशा या तो लोकायुक्त या फिर ई.ओ.डब्ल्यू. द्वारा ही कार्यवाही कर इनकी करतूतों को सार्वजनिक किया गया है रिश्वत लेने के भी ऐसे दर्जनों मामलें हैं जिनसे जिला प्रशासन तो अनभिज्ञ रहा कार्यवाही बाहर के ही अधिकारियों को करना पड़ी। कल जिस कर्मचारी के ठिकानों पर ई.ओ.डब्ल्यू. द्वारा छापा मारा गया वह दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी है और ज्ञात हो कि भुआबिछिया नगर परिषद में इस कर्मचारी की तूती बोलती थी न तो परिषद और न ही अधिकारियों की इतनी हिम्मत थी कि इसके कार्यो में रूकावट बन सकें दिलेरी ऐसी कि जब परिषद की दुकानें नीलाम की गई तो उनसे प्राप्त राशि जो कि लाखों में थी इस दैनिक वेतनभोगी के कर्मचारी ने अपने स्वयं के बैंक में एफडी के रूप में जमा किया था।

नगर परिषद भुआबिछिया में करोड़ों का गबन कोई एक दिन में नहीं हुआ लेकिन न तो परिषद के प्रतिनिधियों और न ही जिले के अधिकारियों को खबर लगी या यूं कहें कि खबर न लगने का दिखावा किया गया।








### क्या है मामला

शिव कुमार झारिया के द्वारा पूर्व दैनिक वेतन भोगी नगर पालिका बिछिया एवं पूर्व कैशियर मनरेगा, मोगांव जनपद जिला मण्डला के पद पर रहते हुए आर्थिक अनियमितताएं कर आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित की गई। आरोपी शिवकुमार झारिया की जांच के दौरान वैधानिक आय से 1200 प्रतिशत अधिक सम्पत्ति पाये जाने पर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा अपराध क्रमांक 21/25 धारा 13 (1) बी, 13 (2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी के द्वारा राशि रूपये 29,69,839 की आर्थिक अनियमितताएं करने पर थाना बिछिया जिला मण्डला में अपराध क्रमांक 171/24 धारा 409,420,465,467,34 भादवि 1860 के अंतर्गत आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया था। दिनांक 15.02.2025 को आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इकाई जबलपुर के द्वारा आरोपी के निवास स्थान एवं व्यवसायिक स्थलों पर सर्च की कार्यवाही संपादित की गई। सर्च के दौरान आरोपी और उसके परिजनों के नाम से चल-अचल सम्पत्तियों की जानकारी प्राप्त हुई है।

### जांच में मिली सम्पत्ति

ई.ओ.डब्ल्यू. द्वारा जांच के दौरान 01 भवन तथा 04 रहवासी प्लॉट कुल कीमत लगभग 50,57,858 रूपये, बीमा पॉलिसी कुल 12 राशि 29,72,000 रूपये, एफ. डी. आर. कुल 02 राशि 5,00,000 रूपये। आरोपी शिवांगी ट्रेवल्स का डायरेक्टर है, जिसकी कम्पनी दिल्ली में कुल 04 ईनोवा किस्टा वाहनों का संचालन कर रही है। वाहनों की कुल कीमत 1,05,00,000 रूपये तथा आरोपी के नाम से एम०जी० हेक्टर ग्लोस्टर वाहन कीमत 45,23,768 रूपये है। इस प्रकार आरोपी की कम्पनी एवं उसके नाम से वाहनों की कुल कीमत 1,50,23,768 रूपये है।

आरोपी शिवांशी ग्रीन सॉल्यूशन तथा शिवांशी इंडिया निधी प्रायवेट लिमिटेड में डायरेक्टर है। शिवांशी ग्रीन सॉल्यूशन सोलर पेनल लगाने का कार्य करती है। शिवांशी इंडिया निधी प्रायवेट लिमिटेड बैंकिग व्यवसाय का कार्य करती है। जिनके संबंध में जांच की जा रही है। अन्य घरेलू सामान / नगद / ज्वेलरी कुल 32,85,000 रूपये। आरोपी के निवास एवं व्यवसायिक स्थानों पर सर्च कार्यवाही में मकान, वाहन, बैंक खाते, कम्पनियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है। सर्च कार्यवाही के दौरान प्राप्त जानकारी एवं दस्तावेजों के विश्लेषण पर लगभग 3 करोड़ 5 लाख की अनुपातहीन सम्पत्ति के होने का अनुमान है। सर्च कार्यवाही आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, इकाई जबलपुर से उपुअ (कार्य०) श्री मंजीत सिंह उपुअ श्री ए.वी. सिंह उपुअ का० श्री एस एस धामी उपुअ का० श्रीमती लक्ष्मी यादव के नेतृत्व में निरी० प्रेरणा पाण्डेय, निरी० मोमेन्द्र मर्सकोले, निरी० छविकांति आर्मो, निरी० किर्ति शुक्ला, उनि० विशाखा तिवारी एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा सम्पादित की जा रही है।

# कालपी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन आज



*** जबलपुर उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस शामिल होंगे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सीएम राईज स्कूल कालपी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन दोपहर 3 बजे से किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर के चीफ जस्टिस श्री सुरेश कुमार कैत शामिल होंगे। शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री कमल जोशी, विशेष न्यायाधीश श्री आर.के. रावतकर सहित अन्य विद्वान न्यायाधीश उपस्थित होंगे।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कालपी में आयोजित होने वाले विधिक साक्षरता शिविर की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी शिविर के पूर्व सभी तैयारियाँ सुनिश्चित करें। बैठक व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, सुरक्षा, मंचीय व्यवस्था आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। शिविर में विधिक साक्षरता, साईबर सुरक्षा, विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जागरूकता के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, श्री हुनेन्द्र घोरमारे, श्री जेपी यादव, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित संबंधित जिलाधिकारी उपस्थित थे।



# वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 14 फरवरी 2025 को फ्यूजन फाइनेंस लिमि. द्वारा सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम के तहत वित्तीय साक्षरता प्रोग्राम का आयोजन किया गया । जिसमें ग्रामीण महिलाओं को वित्तीय लेनदेन के विषय में जानकार बनाने बैंकिंग लेनदेन और योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान की गई फ्यूजन फाइनेंस देश की अग्रणी फाइनेंस कंपनी है जिसकी 1400 से अधिक शाखाएं पूरे देश भर में संचालित है जो कि कस्टमर को ऋण की सुविधा के साथ साथ जागरूक बनाए का कम भी करती है इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री संजय कुशराम (जिला पंचायत अध्यक्ष), लीड बैंक प्रबंधक श्री सुजॉय कुमार (सेंट्रल बैंक), वित्तीय प्रबंधक श्रीमती लक्ष्मी जी, एवं कंपनी पदाधिकारी गण श्री मयंक भटेले, अजय शर्मा और मोहन साहू जी जितेन्द्र चढार उपस्थित रहे। संजय जी और श्री सुजॉय जी ने उपस्थित नागरिकों एवं ग्रामीण जानों को कार्यक्रम के विषय में संबोधित किया और जागरूकता प्रदान की ताकि वे अधिक से अधिक उत्तम जानकारी प्राप्त कर सके और भविष्य में सतर्कता के साथ बैंकिंग कार्यों को करे।

### पुलवामा हमले में वीरगति प्राप्त जवानों को दी श्रद्धांजलि




**बम्हनीबंजर।** नगर के मुख्य बस स्टैंड परिसर में शुक्रवार की शाम को पुलवामा हमले में शहीद हुए भारत माता के वीर जवानों को कैंडल जला कर श्रद्धांजलि दी गयी। शहीद जवानों को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया और नमन किया। साथ ही दो मिनट का मौन धारण कर उनके लिए भगवान से प्रार्थना की। युवाओ ने कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। राष्ट्र उनका हमेशा ऋणी रहेगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### नगर में सक्रिय दो पहिया वाहन चोर



**भुआबिछिया।** विगत कुछ दिनों से नगर में मोटर साइकिल मोबाइल चोरी वारदाते लगातार सुनने में आ रही है वार्ड नंबर सात में कृष्ण कुमार साहू (स्थल सहायक लोकनिर्माण विभाग) की बाईक चोरी बीती रात्रि चोरी हो गयी है जिसकी रिपोर्टी पुलिस थाने में की गई वहीं सीसीटीवी फुटेज में भी बाकायदा चोर इत्मीनान से गाड़ी लेजाते देखा गया जिसे पुलिस थाने में भी दिखाया गया। मोटर साइकिल का नंबर MP 51 MD 5774 है। जिसकी एफ आई आर बिछिया थाने हुई है। इस प्रकार विगत तीन चार दिनों में ये तीसरी घटना है इसके पूर्व स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र से भी मोटर साइकिल चोरी हुई है। नगर में लगातार बाईक चोरी हो रही है जिससे पुलिस की सक्रियता पर प्रश्न उठता है। स्थानीय थाना प्रभारी ने बताया कि हम लगातार निगरानी कर इस गिरोह की तलाश कर रहे हैं बोहोत जल्दी गिरोह पकड़ा जाएगा।

### युवा संगम रोजगार स्वारोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला

**मण्डला।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार 18 फरवरी 2025 को प्रातः 11 बजे से शासकीय आईटीआई मंडला, जिला रोजगार कार्यालय, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र मंडला द्वारा संयुक्त रूप से रोजगार/स्वरोजगार, युवा-संगम मेला आयोजित किया जा रहा है। रोजगार हेतु देश की प्रतिष्ठित कंपनी होंडा मोटर बेंगलौर द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को होंडा कंपनी में रोजगार के अवसर दिये जायेंगे साथ ही प्रदेश एवं जिले की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा रोजगार के अवसर दिए जाएँगे। युवा संगम मेले में इच्छुक व्यक्ति अपने मूल दस्तावेज एवं शैक्षणिक बायोडाटा सहित उपस्थित होवें। मेले में रोजगार हेतु चयनित अभ्यर्थियों को लगभग 14000 से 20000 रू तक मानदेय/स्टायपंड प्रतिमाह एवं अन्य सुविधाएँ कम्पनियों द्वारा दिए जाएँगे।

**आयोजन** | **जोन स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिले के लिए गौरव की बात।**

# तीन दिवसीय क्रीड़ा तथा साहित्यिक स्पर्धाओं का आयोजन

*** विभिन्न खेलों के खेले गये 60 मैच।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंडला में जोन स्तरीय क्रीड़ा तथा साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय इस आयोजन का समापन शनिवार को म.प्र. शासन की पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए श्रीमती उईके ने कहा कि जोन स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन करने का अवसर मंडला को मिला यह हमारे लिए गौरव का विषय है। सीमित साधन संसाधन के बीच हमारे डाईट की टीम ने तीन दिवसीय आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। उन्होंने कहा कि भविष्य के होने वाले शिक्षकों ने क्रीड़ा तथा साहित्य की विधाओं में बेहतर खेल भावना के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया, यह सुनिश्चित करता है कि भविष्य में जब यह अपने क्षेत्र में विद्यालयों में शिक्षक का दायित्व निभा रहे होंगे तब निश्चित ही अपने-अपने विद्यालयों में क्रीड़ा और साहित्यिक गतिविधियों को भी गति प्रदान करेंगे। विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि जिन टीमों की विजय नहीं हुई उन्हें विजेता टीमों की रणनीति और टीम भावना से सीख लेते हुए भविष्य में बेहतर खेल का प्रदर्शन करना चाहिए।



तीन दिवसीय आयोजन में विभिन्न खेलों के कुल 60 मैच खेले गए जबकि साहित्य की 9 विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जोन के जबलपुर, नरसिंहपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी तथा छिंदवाड़ा कुल 7 जिलों के डाईट के कुल 400 प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया। महिला एवं पुरूष वर्ग में अलग-अलग स्पर्धाएं हुईं। समापन के दौरान विभिन्न स्पर्धाओं में विजेता तथा उप विजेताओं को पुरूस्कृत किया गया। इस अवसर पर डाईट के प्राचार्य, क्रीड़ा अध्यापक तथा विभिन्न जिलों से आए डाईट के खेल अधिकारी और प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग की ऊर्जा और क्षमता पर विश्वास किया-श्रीमती संपतिया उइके



*** मध्यम परिवार को राहत देने वाला केंद्र सरकार का ऐतिहासिक बजट।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नरेंद्र मोदी सरकार के 2025-26 के बजट को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में प्रदेश संगठन के मार्गदर्शन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। युवा अन्नदाता और नारी युवा, किसान, महिला, देश के गरीबों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में विकास के उपाय प्रस्तावित किए गए हैं। श्रीमती उइके ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने हमेशा राष्ट्र निर्माण में मध्यम वर्ग की सराहनीय ऊर्जा और क्षमता पर विश्वास किया है। उनके योगदान को मान्यता देते हुए, सरकार ने समय-समय पर उनके कर के बोझ को कम किया है। नई व्यवस्था के अंतर्गत 12 लाख रुपये तक की आय अर्थात पूंजीगत लाभ जैसी विशेष दर आय को छोड़कर प्रति माह 1 लाख रुपये की औसत आय पर कोई आयकर नहीं देना होगा।

आगे उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था में 12 लाख की आय वाले करदाता को कर में 80,000 रुपये का लाभ मिलेगा। 16 लाख की आय वाले व्यक्ति को कर में 50,000 का लाभ मिलेगा। वही 18 लाख की आय वाले व्यक्ति को कर में 70,000 का लाभ मिलेगा। 20 लाख रुपये की आय वाले व्यक्ति को कर में 90,000 रुपये का लाभ मिलेगा। वही 25 लाख रुपये की आय वाले व्यक्ति को 1,10,000 रुपये का लाभ मिलेगा।

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि सरकार 'प्रधानमंत्री धन-धन्य कृषि योजना' शुरू करेगी। इस योजना के अंतर्गत कम उत्पादकता, मध्यम फसल सघनता और औसत से कम ऋण मानकों वाले 100 जिले शामिल होंगे। इससे 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलेगी।

तुअर, उड़द और मसूर जैसे कृषि उत्पाद पर विशेष ध्यान देते हुए दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन शुरू करेगी।

इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने बजट में अल्प रोजगार की समस्या का समाधान, लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों का ऋण बढाकर 5 से 10 करोड़ करने का प्रावधान, देश के 50 शीर्ष पर्यटन स्थलों का रोजगार आधारित विकास, संसोधित केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री शुरू करना, गम्भीर बीमारी से पीड़ति मरीजों के लिए 36 जीवन रक्षक दवाईयो को सीमा शुल्क से पूर्ण छूट, वरिष्ठ नागरिकों को ब्याज दरों में छूट, आईईटी एवं आईआईएससी में तकनीकी अनुसंधान के लिए दस हजार फेलोशिप प्रदान करना आदि अनेक जनहितैषी योजनाओं को लागू किया गया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के प्रति भी केंद्र सरकार संजीदा है इस मिशन को 2028 तक देश में बढ़ाया गया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का यह ऐतिहासिक बजट है, जिसमे शिक्षा, स्वस्थ, कृषि, औद्योगिक, पर्यटन सहित आदि अनेक क्षेत्रों में लाभ देने का प्रयास किया है वही मोदी सरकार ने बजट में निर्धन, वंचित एवं मध्यम परिवारों सहित सभी वर्गों को इसका समुचित लाभ देने सराहनीय प्रयास किया है इस बजट से देश का चहुँ ओर विकास होगा।

प्रेस वार्ता में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जिला महामंत्री नीरज मरकाम और सीए धीरज अग्रवाल सहित पत्रकार गण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### निर्मल ग्रामों के नाम पर हो रही शासन की राशि बर्बाद

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** देश को विकास और समृद्धि की ओर अग्रसर करने के लिए केन्द्र हो या प्रदेश सरकार गांव को साफ सुधरा और हरा भरा बनाने की कवायद में है और इसके लिए शासन प्रशासन निर्मल ग्राम बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, इसके लिए समय समय पर गांव को चयानित कर वहां पर लाखो करोड़ो रूपये की राशि खर्च की जा रही है, जिसमें गांव के प्रत्येक परिवारो के घरो में शौचालय बनाये गये है। मगर उन शौचालयों की सच्चाई शायद ही किसी से छिपी होगी, क्योंकि शासन की राशि से बने हुए शौचालय यदि अपना एक जन्म दिन मना ले तो बहुत बड़ी बात समझी जावेगी...? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि क्षेत्र के अनेक गांव में पक्की नालियां सड़क और कूडादान व जल स्त्रोतो को साफ सुधरा बनाया जाना है और इसकी देख रेख के लिए जिला स्तर पर हर ब्लाक में अलग से कर्मचारी भी नियुक्त किये गये है जिन्हे वेतन के रूप में मोटी रकम और भ्रमण करने के लिए वाहन उपलब्ध कराये गये है। लेकिन ये अधिकारी कर्मचारी अपनी आफिसो में बैठे बैठे ही योजना का संचालन कर रहे है और इसका परिणाम यह देखने में आ रहा है कि गांव में बनायी गई सड़के एक दो वर्षो में ही पूरी तरह उखड़ चुकी है। इस तरह शासन की राशि खर्च करते हुये गांव गांव गांव बनाये गये शौचालय कचरो एवं कूडादानो में तब्दील हो गयी है? कचरा घर टूट गये है और जल स्त्रोतो के समीप हरी घासे एवं दलदल निर्मित हो गयी है। मगर इसके इसके बाबजूद शासन द्वारा इन निर्मल ग्रामो को पुरूस्कार द्वारा नवाजा गया था।

### नल जल योजना के नाम पर खोदी जा रही सड़कों के चलते शहीद नगरी चीचली की बिगड़ी सूरत

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** नगर में नर्मदा जल कब आ पायेगा और आ पाता है कि नही इस बात की भी कोई गारंटी नही है। मगर इस समय नर्मदा जल लाने के लिये जिस तरह से लाखों रूपया की लागत से बनी हुई सड़को की खुदाई की जा रही है उसके चलते जरूर शहीद नगरी चीचली की सूरत बदहाल होने से नही चूक पा रही है? बताया जाता है कि जल सप्लाई करने के लिये निर्माण करने आई हुई कंपनी द्वारा जिस तरह से मजबूज सड़को के बीचों बीच से खुदाई करते हुये उन्हें तहस नहस कर दिया गया है उसके चलते लोगों के वाहन निकलने की बात तो दूर पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है। इस तरह शहर के सड़को की खुदाई करते हुये उन्हें बदहाल बनाये जाने के कारण जहां नगर के व्यापारियों का धंधा प्रभावित होने से नही चूक पा रहा है तो दूसरी ओर लोगों को अपने घरों तक वाहन ले जाना भी मुश्किल हो रहा है? वही दूसरी ओर इस प्रकार से सड़को की खुदाई किये जाने के चलते नगर पालिका प्रशासन को भी लाखों की क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। मगर जब भी इस तरह इस योजना को लेकर चर्चा की जाती है तो सिर्फ जिम्मेदारों के मुंह से एक ही बात सुनने मिलती है कि इस योजना का आदेश तो ऊपर से ही आया है इसमें हम क्या कर सकते है। जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो योजना के नाम पर किये जाने वाले कार्य को पूर्ण करने के लिये आये हुये एजेन्सी द्वारा न तो योजना से संबंधित कोई वोर्ड स्थापित किया जाता रहा है और न ही निर्माण के संबंध में किस गुणवत्ता के साथ काम करने के नियम है उस सच्चाई से अवगत कराया जा रहा है? जिसके चलते जहां निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी पूर्णरूप से मनमाना पूर्ण रवैया अपनाते हुये लाखों की लागत से बनी हुई सड़को को छल्लनी करने में कोई कसर नही छोड़ रही है।

### बुनियादी सुविधाएं न मिलने से खिलाड़ी निराश

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सर्दी का मौसम में क्रिकेट, बालीवाल हाकी तथा अन्य तरह के खेलों में रूचि रखने वाले युवाओं, किशोरों व बच्चों के लिए उपयुक्त रहता है, किन्तु इन दिनों जब सुबह ठंड पड़ने लगती है तब कही भी खेल प्रतिभाएं अपना प्रदर्शन करती नजर नही आ रही है।

# ट्रैक्टर ट्राली का पंजीयन कृषि कार्य के नाम पर और व्यावसायिक रूप से उपयोग करते हुये ढो रहे है रेत मिट्टी सहित अनेक प्रकार की सामग्री, वाहन चैकिंग के नाम पर प्रशासन की चालानी कार्यवाही पर खड़े हो रहे सवाल










**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

कहने के लिये तो यातायात पुलिस द्वारा आये दिन जहां तहां नाके लगाते हुये वाहनों की चैकिंग करते हुये देखा जाता है। मगर जिस तरह निम विरूद्व दौरान वलों वाहनों को नजर अंदाज करते हुये वाहन चौकिंग के नाम पर औपचारिकता निभाई जाती है वह चर्चा का विषय बनने से नही चूकती है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर सहित क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह ट्रेक्टर ट्रालियों का व्यावसायिक रूप से उपयोग करते हुये रेत, गिट्टी व मिट्टी भरकर ट्रेक्टर ट्रालियों को भर्राटे मारते हुये देखा जा रहा है वह पूर्ण रूप से नियमों के विपररित होने के बाद भी अधिकारियों द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से कोई ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि आये दिन सड़क दुर्घटनाये घटित होना आम बात बनती चली जा रही है..? क्योंकि जब किसी भी व्यक्ति द्वारा अपना ट्रेक्टर ट्राली खरीदी जाती है तो उसके द्वारा परिवहन विभाग में कृषि कार्य के नाम पर दर्ज इसलिये कराया जाता है कि उसमें टेक्स के रूप में कम राशि भरनी पड़ती है। मगर कृषि कार्य के नाम पर दर्ज इन ट्रेक्टर ट्रालियों का खुलेआम व्यावसायिक रूप से उपयोग होने के बाद भी कार्यवाही न होना निश्चित ही अधिकारियों की उदासीनता को उजागर करने से नही चूकता है? बताया जाता है कि कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत इन ट्रेक्टर ट्रालियों कास नगर सहित क्षेत्र में व्यावसायिक उपयोग धडल्ले से किया जा रहा है। इस स्थिति के चलते जहां शासन को लाखों रूपया में टैक्स के रूप में राजस्व की हानी हो रही है तो दूसरी ओर दुर्घटनाये होने पर लोगो को क्लेम लेने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि इन ट्रेक्टरों का परिवहन विभाग में पंजीय कृषि कार्य के उपयोग के नाम पर रहता है मगर इसके बाद भी इन ट्रेक्टर ट्रालियों में खुलेआम व्यावसायिक रूप से हो रहे दुरूपयोग को लेकर शायद ही किसी अधिकारी द्वारा इस ओर ध्यान देते हुये कभी रेत, गिट्टी या फिर मिट्टी ढोने वाले ट्रेक्टर ट्राली को पकड़ते हुये इस सच्चाई को जानने का प्रयास किया गया हो कि उसका पंजीयन किस कार्य के लिये है? बताया जाता है कि जब ट्रेक्टर ट्राली को कृषि कार्य के नाम पर लिये जाते है तो उसमें कृषकों के नाम अनुदान भी प्राप्त होता है और ऐसे वाहनों से लोग कृषि कार्य न करते हुये व्यावसायिक धंधा मुख्य रूप से रेत, गिट्टी, सहित माल वाहन के रूप में उपयोग करते हुये देखे जा रहे है। बताया जाता है कि ट्रेक्टर ट्रालियो में सिंग्नल न होने तथा अनेक ट्रेक्टरों में मात्र एक ही लाईट जलाने के साथ साथ इन्हे जिस तेज गति से दौड़ाया जाता है कि रात के समय सड़क दुर्घटनाओं को अंजाम देने से नही चूकते है। नियम के अनुसार बताया जाता है कि खेती किसानी का काम करने वाले किसानों द्वारा ट्रेक्टर ट्राली खरीदने पर शासन ने उन्हे कर मुक्त की श्रेणी में रखा गया है? अगर कोई व्यक्ति ट्रेक्टर ट्राली खरीदकर उसका व्यावसायिक उपयोग कर रहा है तो उसे ट्रेक्टर ट्राली का अलग अलग पंजीयन करना होता है। इसके लिये परिवहन विभाग में बतौर पंजीयन प्रत्येक दो साल बाद पंजीय का रिन्युअल करना जरूरी होता है। इसी के चलते लोगों द्वारा खरीदे गये ट्रेक्टर ट्रालियों का पंजीयन मात्र कृषि कार्यो के नाम पर कराते हुये उनका दुरूपयोग करने से नही चूक रहे है। जबकि नियम के अनुसार यदि किसी ट्रेक्टर ट्राली का पंजीयन कृषि कार्य के नाम पर हुआ है तो उसका उपयोग सिर्फ खेती किसानी से जुडे हुये कार्य में ही किया जा सकता है। मगर संबंधित विभाग तथा स्थानीय स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों की अनदेखी का परिणाम है कि क्षेत्र में कृषि कार्य के नाम पर दर्ज इन ट्रेक्टर ट्रालियों का उपयोग कृषि कार्यो में नाम मात्र तथा व्यावसासिक कार्यो में अधिक होते हुये देखा जा रहा है। इस तरह विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते जहां क्षेत्र में घटित होने वाही सड़क दुर्घटनाओं में अधिकांश मामले इस तरह व्यावसायिक धंधे में लगे हुये इन ट्रेक्टर ट्रालियों का परिणाम देखने मिलते है तो दूसरी ओर इससे परिवहन विभाग को हर माह लाखों रूपया के रूप में टैक्स रूपी राजस्व की क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है? इतना ही नही इस तरह कमर्शियल रूप से उपयोग होने वाले इन ट्रेक्टर ट्रालियों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर के शासकीय चिकित्सालय मार्ग हो या फिर अन्य मार्ग पर मिट्टी लेकर जिस तरह नाबांलिगों द्वारा उन्हें तेज गति से तरह दौड़ाया जाता है कि मानो यहां पर कोई प्रतियोगिता का आयोजन चल रहा हो.....? बताया जाता है कि शहर में मिट्टी ढोने वाले इन ट्रेक्टर ट्रालियों का नियम होता है कि जो ट्रेक्टर ट्राली अधिक चक्कर लगाते हुये मिट्टी डालेगा उसे अधिक पैसा मिलेगे। क्योंकि मिट्टी ढोने वाले ट्रेक्टर ट्राालियों के लिये राउंड के हिसाब से भुगतान किया जाता है इसी के चलते यह इन ट्रेक्टरों के मालिक व चालक दोनों अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये दूसरों की जिन्दगी के साथ खुला खिलबाड़ करने से नही चूक रहे है। यदि देखा जावे तो शहर की गलियों में फर्राट मारते हुये मिट्टी ढोने वाले इन अधिकांश ट्रेक्टर ट्रालियों को नाबांलिग व बगैर लाईसेंसधारी चालक ही दौड़ाते हुये देखे जाते है? कभी भी तो स्थिति इस तरह से देखने मिलती है कि सड़क पर दौड रहे ट्रेक्टर ट्रालियों के चालकों के एक हाथ में मोबाईल फोन तो दूसरे हाथ में स्टीयरिंग होता है इस सच्चाई से ही अनुमान लगाया जा सकता है कि आखिरकार हर वर्ष पुलिस विभाग द्वारा चलाये जाने वाला सड़क सुरक्षा सप्ताह कहा तक सफल माना जा सकता है?

## घर के गेट की बात को लेकर दो पक्षों में हुर्ठ मारपीट पुलिस द्वारा काउन्टर मामला किया दर्ज

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के माता वार्ड में घर में गेट लगाने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट होने के चलते पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के खिलाफ काउन्टर मामला दर्ज किया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस माता वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे पडौस में ही निवास करने वाले दीपचंद जाटव, अनिल तथा अभिषेख जाटव से गेट लगाने की बात को लेकर पुरानी बुराई चल रही है। बीते हुये दिवस जब में अपनी घर के बार खड़ा हुआ था उसी दौरान दीपचंद जाटव आया और गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो उसी समय अनिल तथा अभिषेख जाटव भी आ गये तीनों ने एक



राय होकर मारपीट कर चोटे पहुंचाई। इस तरह विवाद होते हुये देखकर जब प्रार्थी की माँ तथा भाई प्रताप आया और बीच बचाव का प्रयास किये जाने पर आरोपियों द्वारा उनके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। वही दूसरी पक्ष से एक युवक द्वारा की गई अपनी शिकायत में उल्लेख किया गया है कि मैं और मेरा बेटा अभिषेख जाटव जब अपने काम करने के बाद घर जा रहे थें उसी दौरान पडौस में रहने वाले नितेश चौधरी अपने घर के सामने खड़ा होकर गंदी गंदी गालिया दे रहा था जब उसे गाली देने से मना किया गया तो नितेश तथा उसके भाई प्रताप द्वारा एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई। इसी समय प्रार्थी का भतीजा सुमित जाटव बीच बचाव करने आया तो उसके साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउन्टर मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## रेल्वे गेट के पास बढ़ते अतिक्रमण व आवारा गर्दी वालों की हरकतों पर नहीं लग रहा है अंकुश, यहां पर देर रात तक मादक पदार्थो की बिक्री से लेकर सेवन करते हुये देखा जाना बना चुकी है आम बात..?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

इस समय शहर में खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर खुलेआम अतिक्रमण को जाल बिछते हुये देखे जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता पूर्ण कार्य प्रणाली निश्चित तौर से जहां अतिक्रमणकारियों के लिये संरक्षण की मुद्रा में प्रतीत होने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर जिस तरह नगर के रेलवे स्टेशन के समीप यानि की चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर लगे हुये रेल्वे गेट के पास अतिक्रमण करते हुये स्थापित हो रही दुकानों पर जहां सुबह से लेकर देर रात तक आवारा गर्दी करने वालों का जमावडा लगा रहता है तो दूसरी ओर शाम होते ही यहां पर शराब खोरी करने वालों की अशोभनिय हरकते देर रात चलने के कारण यहां पर निवास करने वाले लोगों के साथ साथ इस मार्ग से निकलने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है? रात के समय तो हालत यह बन जाते है कि नगर के युवा दर्जनों की सुख्या में अपनी गाड़ियों से पहुंचकर एकत्र हो जाते है और खुलेआम मादक पदार्थो की बिक्री व सेवन का दौर शुरू होता है जो देर रात तक चलता रहा है। इस संबंध में स्थानीय पुलिस को अवगत कराये जाने के बाद कुछ दिनों तक तो पुलिस द्वारा नजर रखी गई मगर सच्चाइ्र को फिर भुला दिये जाने के चलते अब आवारा गर्दी करने वालों के लिये यह स्थान प्रमुख अड्डा





बनकर रहे गया है। यहां पर मादक पदार्थो की ब्रिकी की सच्चाई पर गौर किया जावे तो पुलिस थाने में दर्ज अनेक मामलों में मादक पदार्थ यानि की स्मैक के कारोबारियों को इसी क्षेत्र से पकड़ने में सफलता हासिल की गई थी इस तरह पुलिस के रिकार्ड के अनुसार यह क्षेत्र आवारा गर्दी करने वालों के साथ मादक पदार्थो की मंडी के रूप में भी तब्दील होते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? बताया जाता है कि यहां पर खाली पड़ी हुई सड़क किनारे की भूमि पर लोगों द्वारा खुलेआम अतिकमण करते हुये अपनी दुकाने स्थापित की गई है। इन दुकानों पर दिन भर आवारा गर्दी करने वाले तत्वों का हुजूम रहने के चलते आम लोगों के साथ साथ स्कूल आने जाने वाली छात्राओं को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि यहां पर लगी हुई दुकानों पर बैठे रहने वाले इन तत्वों द्वारा आसपास के गांवों से स्कूल आने वाली छात्राओं के साथ अशोभनीय हरकते करते हुये छीटाकशी करने से नही चूकते है और छात्राये दहशत व भय के चलते इन मनचलों की हरकतों से परेशान होकर अपमान का कढावा घूंट पीने के लिये मजबूर हो रही है। वही दूसरी ओर कुछ इसी प्रकार का हाल रात के समय भी देखने मिल रहा है। क्योंकि जब पूरे शहर की दुकाने बंद हो जाने के बाद भी यहां पर अतिक्रमण करते हुये स्थापित की गई दुकाने देर रात तक चलते हुये देखी जाती है जहां पर शराब की अवैध विक्री से लेकर अन्य प्रकार के मादक पदार्थो की आसानी से उपलब्धता के चलते युवाओं को इसी और दौड़ते हुये देखा जाता है। रात के समय यहां पर दुकानों से लेकर खुले मैदान में शाम से लेकर देर रात तक शराब खोरी होने के कारण लड़ाई झगड़ा होना तो आम बात हो चुकी है। मगर शराब खोरी करने वाले लोगों द्वारा रात के समय इस मार्ग से निकलने वाले लोगों के साथ अभद्रता करने से नही चूकते है तो दूसरी ओर इस क्षेत्र में निवास करने वाले लोग भी इस तरह नगर के रेल्वे गेट के पास दिन रात होने वाली आवारा गर्दी से परेशान होते हुये देखे जा रहे है। जबकि गौर किया जावे तो पूर्प में अनेकों बार रेल्वे की इस भूमि पर दुकाने स्थापित करने वाले के खिलाफ आर पी एफ के अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करते हुये इन्हे हटा दिया गया था। मगर पता नही क्योंकि आर पी एफ सहित रेल पुलिस व नगर के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा यहां पर दिनों दिन बढ़ रहे अतिक्रमण को नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि आम लोगों के लिये भुगतने मजबूर होना पड़ रहा है।

## बिजली विभाग की उदासीनता के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में आये दिन घटित होती है आगजनी की घटनायें...





**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

जहां एक ओर बिजली विभाग द्वारा लोगों को बिजली प्रदान करने के नाम पर बिलों की बसूली करने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है, वही दूसरी ओर सरकार द्वारा हर वर्ष बिजली विभाग को लाईनों में रख रखाव के नाम पर भी करोड़ो रूपया खर्च किये जाते है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा बिजली लाईनों के रख रखाव में बरती जा रही उदासीनता के चलते आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो जिस प्रकार से वर्षो पुरानी लाईनों के माध्यम से बिजली विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के खेतो से लेकर गांवों में बिजली सप्लाई की जाती है उसके चलते आये दिन लाईनों में खराब होने के कारण जहां लोगों को अघोषित बिजली का संकट झेलने के लिये मजबूर होते हुये तो देखा ही जाता है। वही दूसरी ओर किसानों के खेतों से लेकर गांवों में वर्षो पुराने बिजली तार जिस प्रकार से झूला झूलते हुये देखे जाते है उसके चलते जब जरा सी हवा चलती है तो वह चिग्गारी छोड़ने से नही चूकते है, इसी का परिणाम है कि हर वर्ष सैकड़ो किसानों की खेतों में खड़ी हुई फसल जहां जलकर खाक हो जाती है। वही गांवों में लोगों के आशियाने भी जलने से नही बच पाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय सांईखेड़ा क्षेत्र में अनेक जगहों पर देखने मिल रही है जहां पर गांव के अंदर लगी हुई बिजली लाईन की स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि लोगों के घरों के ऊपर बिजली तार झूला झूलते हुये नजर आने के साथ किसी बड़ी घटना को आमंत्रण देते हुये जान पड़ रहे है? इस प्रकार से ग्राम के अंदर लोगों के घरों के ऊपर से खस्ता हाल स्थिति में झूल रहे तारों से आये दिन हवा चलने के दौरान चिंगारी निकलते हुये देखी जाती है वही ग्रामवासियों की जिन्दगी के लिये पूर्णरूप से खतरे की घंटी बजाने से भी नही चूक रहे है, जिसको लेकर ग्राम के लोगों द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाते हुये मांग की गई है कि समय रहते हुये इन झूला झूलते हुये बिजली तारों में सुधार करते हुये ग्रामवासियों के बीच पैदा हो रही दहशत को समाप्त किया जावे।

## घर के पास शराब पीने से मना किये जाने पर मोटर साईकिल में तोड़फोड कर क्षति पहुंचाई

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

नगर में लगातार बढ़ रहे शराब के कारोबार का परिणाम है कि युवा इसकी गिरप्त में आने के साथ साथ हाल यह बना रहा है कि शराब पीने के शौकिनों द्वारा लोगों के घरों के पास बैठकर जिस तरह शराब खोरी करते हुये देखे जा रहे है उसके चलते लोगों का अपने घरों में रहना मुश्किल होने से नही चूक पा रहा है। इस तरह शराब खोरी करने वालों को जब कोई व्यक्ति रोकने का प्रयास करता है तो वह मारपीट करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर की गोल्डन सिटी में उस समय देखने मिली जब घर के पास शराब पी रहे लोगों को वहां रहने वाले एक युवक द्वारा मना किया तो उसके साथ मारपीट करते हुये मोटर साईकिल को तोड़कर क्षति पहुंचाई। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये



दिवस नगर की गोल्डन सिटी कालोनी निवासी एक कक्षा दसवी के छात्र द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै अपने साथी साहिल के साथ गोल्डन सिटी कालोनी मे अपने घर के पास खड़ा था तभी मैने देखा कि घर के पास अभय, अंकित व शिवम बैठकर शराब पी रहे थे जिनसे मैने घर के पास शराब पीने से मना किया तो तीनो एक राय होकर मुझे व साहिल को गंदी गंदी गालिया देने लगे जो सुनने मुझे बुरी लगी तो मैने गालिया देने से मना किया तो तीनो एक राय होकर मुझे व साहिल के साथ हाथ मुक्का से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा घर के पास खड़ी हुई प्रार्थी काले रंग की मोटर साईकिल क्र. MP49-ZE-9891 के स्पीडो मीटर व पेट्रोल टंकी पर पत्थर पटकते हुये क्षति पहुंचाई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## सुअरों के विचरण पर नियंत्रण न लगने से शहर में फैला रहा आक्रोश

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** स्वाईन फ्लू जैसी जानलेवा बीमारी के वायरस फैलाने में अहिम माने जाने वाले सुअरो के खुलेआम विचरण पर प्रभावी नियंत्रण न लगने का परिणाम है कि सैकड़ो की तादाद में रोज नगर में सुअर झुंड के रूप में घूमते हुए देखे जा रहे है तथा इस स्थिति के चलते लोगों दहशत फैला रहे है कि कही अब कोरोना वायरस की मार झेलने के बाद स्वाईन फ्लू वायरस अपनी आमद न दे डाले? क्योंकि नगर में जहां तहां घूमने वाले इन सुअरों से मुक्ति मिलना फिलहाल शहरवासियों को कठिन जान पड़ रहा है। गौरतलब है इन दिनों नगर के वार्डो, कालोनियो सहित शुक्रवारा सब्जी बाजार में तो सुअरों की उन्मुक्त विचरण लीला लगातार जारी है ही साथ ही सुअरो ने अब शहर लोगों के घरों के पास भरे रहने वाले पानी में भी अड्डा बनाने से नही चूक रहे है। जिसके चलते निश्चित तौर से यह भ्रमण करने वो सुअर शहर में गंदगी फैलाने के साथ साथ बीमारियों को जन्म देते हुये जान पड़ रहे है। कुछ इसी प्रकार से नगर



की गल्लामंडी के एक शेड के पीछे बड़े गड्ढे में पानी भरा रहने से वह सुअरो की शायद पसंद आ गया है। इसलिए इस गड्ढे में रात दिन सुअरों का जमावड़ा लगा रहता है और मौका मिलते ही ये अनाज की ढेरियों के पास पहुॅच किसानों को परेशानी में डाल देते है। नगर के शुक्रवारा के पास सब्जियो की दुकानें लगाने वालों का कहना है कि आवारा सुअरो के विचरण से उन्हे सब्जियो की सुरक्षा करनें मुश्किल हो रहा है, शहर के वाहन मालिकों ने बताया कि चौराहो, मुख्य सड़कों पर सुअरों के घूमने से यातायात व्यवस्था पर भी दुष्प्रभाव पड़ रहा है और कभी कभी इन सुअरो की धमाचौकड़ी से वाहन चलाना भी मुश्किल हो रहा है। इसी तरह मस्जिद, मंदिरो के इर्द गिर्द प्रतिदिन शूकरो के घूमने से इन पवित्र जगहो पर जाने में भी श्रद्धालुओं को दिक्कत हो रही है, जिसके चलते अब यह सुअर जहां सभी वर्ग के लोगों को परेशानी का कारण बनते हुये देखे जाने लगे है, मगर इसके बाद भी नपा प्रशासन द्वारा इन सुअरों के भ्रमण पर अंकुश लगाने के लिये कोई उचित कदम नही उठाये जाने से लग रहा है कि शायद अब शहरवासियों को कोरोना वायरस की जंग लड़ने के साथ साथ स्वाईन फ्लू की महामारी से भी जूझने के लिये मजबूर होना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### सोमवार को होगा झारिया(मेहरा) समाज का प्रांतीय सामाजिक सम्मेलन समारोह




**शहपुरा** / झांरया(मेहरा) सेवा समिति शहपुरा समाज उत्थान की अग्रणी संस्था है जो लगातार कई वर्षों से समाज कल्याण के लिए कार्य कर रही जैसे महिला शिक्षा, मेधावी विद्यार्थीयो का सम्मान , शिक्षकों का सम्मान , नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था, निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन ऐसे तमाम मानवसेवा समाज हितैषी कार्य संस्था के द्वारा किया जा रहा है इसी तारतम्भ में झारिया (मेहरा) सेवा समिति शहपुरा जिला डिंडोरी के तत्वाधान में दिनांक 17 फरवरी 2025 दिन सोमवार को खेरमाई प्रांगण ग्राम टिकरिया शहपुरा जिला डिंडोरी में प्रांतीय सामाजिक सम्मेलन समारोह का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है जिसमें समाज के वरिष्ठ जन, समाजसेवियों तथा स्वजातियों बंधुओं द्वारा समाज उत्थान के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा तथा समाज के मेधावी विद्यार्थी तथा समाज के वयोवृद्ध जनों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें समाज के मार्गदर्शन मंडल, वरिष्ठजन,स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति होगी।

### स्नातक महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन



**डिण्डौरी** । डिंडोरी जिला के शहपुरा नगर के शासकीय स्नातक महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त स्टाफ एवं छात्र/छात्राओं की उपस्थिति में दिनांक 15 फरवरी 2025 को महाविद्यालय के प्रांगण में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलकूद में नींबू चम्मच रेस,100 मीटर, 200 मीटर, 400 मी, 800 मी, भाला फेक, गोला फेक,लंबी कूद और रस्सी कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के कई छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। विजेताओं का पुरस्कार वितरण शहपुरा विधायक के द्वारा दिनांक 28 फरवरी 2025 को महाविद्यालय के स्नेह सम्मेलन के दौरान किया जाएगा।

### पिपराडी ने 65 रनों से जीतकर क्रिकेट कप फाइनल अपने नाम किया



**शहपुरा-** क्रिकेट कप के फाइनल मुकाबले में बाबा क्रिकेट क्लब पिपराडी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दलका सरई को 65 रनों से हरा दिया। इस रोमांचक मुकाबले में पिपराडी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 13 ओवरों में 169 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।पिपराडी टीम के कप्तान अजय चंदेल के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। उप-कप्तान दुर्गेश झारिया, लालू खान, छोटा रजक, महेंद्र यादव, लकी, संतोष, मानी, बापू, बिक्की, हनुमान, देवेंद्र, प्रशांत, राजा और धीरू 47 ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।जवाब में दलका सरई की टीम लक्ष्य का पीछा करने में असफल रही और निर्धारित ओवरों में 104 रन ही बना सकी। पिपराडी के गेंदबाजों ने प्रभावी गेंदबाजी करते हुए विरोधी टीम के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।इस शानदार जीत के साथ बाबा क्रिकेट क्लब पिपराडी ने क्रिकेट कप अपने नाम किया और दर्शकों ने खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन पर खूब तालियां बजाई।

## अनुपयोगी अमृत सरोवरों की स्वीकृति देने वाले उपयंत्री, सहायक यंत्री से होगी वसूली

# कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत को दिए प्रस्ताव प्रस्तावित करने के निर्देश

**कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत के विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न**

कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत के विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ अनिल कुमार राठौर सहित पंचायत विभाग के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

डिण्डौरी ।



कलेक्टर मारव्या ने मनरेगा के प्रचलित कार्य प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्य 15वें वित्त के तहत किये जा रहे कार्यए सहित अन्य जिला पंचायत के कार्यां की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले में निर्मित अमृत सरोवर की वस्तुस्थिति के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे अमृत सरोवर जिनकी स्थिति संतोषजनक नहीं है उनको स्वीकृति देने वाले सम्बंधित उपयंत्री सहायक यंत्री के लिए आरआरसी के तहत वसूली करने के लिए सीईओ जिला पंचायत प्रस्ताव प्रस्तावित करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभाग को स्वीकृत राशि के विरूद्ध किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने मनरेगा के तहत श्रमिक नियोजन की स्थिति का आकलन विकासखण्डवार किया। उन्होंने समस्त अधिकारियों को कार्य में प्रगति में लाने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि सचिव जीआरएस और मैट अमले को सक्रिय कर लोगों को मनरेगा के तहत कार्य उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने 15वें वित्त के तहत किये जा रहे कार्यां की समीक्षा कर वित्तीय वर्ष 2025.26 के लिए जीपीडीपी कार्ययोजना की जानकारी ली। प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार कार्य करें।



## श्री नर्मदा पुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में आज छठवा दिन आज किया जायेगा, हवन,पूर्ण आहूति

### भोले बाबा के तांडव नृत्य देखने लोगों की लगी जमकर भीड़

**डिण्डौरी** ।शहपुरा क्षेत्र ग्राम टिकरिया के खेरमाई प्रांगण में श्रीमद् नर्मदा महापुराण कथा का आयोजन आज छटवां दिन भोलेबाबा के तांडव नृत्य ने लोगो के मन मोह लिया,आज नर्मदा पुराण कथा का छटवां दिन है ,प्रतिदिन संगीतमय भागवत कथा पुराण को सुनने हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे, पुराण कथा 10 फरवरी से 16 फरवरी तक आयोजन किया जा रहा हैं। श्रद्धालूगढ़ दूर-दूर से पधार कर इस महा ज्ञान गंगा में गोता लगाते हुए नजर आ रहे हैं जिसमें पुराण वाचक पंडित राम गोपाल उपाध्याय रोंसरा वाले के मुखारविंद से भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है कार्यक्रम में प्रतिदिन विशाल भंडारा का भी आयोजन किया जाता है। इस ज्ञान यज्ञ का 16 फरवरी को पूर्ण आहूति 17 फरवरी को विशाल भंडारा व कन्या भोज के साथ सम्पन्न किया जाएगा। आपको बता दे की भागवत कथा में बैठे श्रोता गढ़ ग्राम की परिक्रमा भाव भजन करते हुए भ्रमण करते हैं। टिकरिया गांव के ग्रामवासी भक्तजन समस्त क्षेत्र वासियों को इस श्रीमद् नर्मदा पुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में गोता लगाने के लिए आप सभी को सादर आमंत्रित करती है।

## जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक का रोजगार सहायकों ने किया बहिष्कार

## मानदेय कटौती से परिवार का भरण पोषण हो रहा मुश्किल

**सीईओ जनपद पंचायत, सीईओ जिला पंचायत, एवं कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन**

डिण्डौरी ।

जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पदस्थ समस्त रोजगार सहायकों द्वारा सहायक यंत्री ,अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, एवं सहायक लेखा अधिकारी के मानसिक प्रताड़ना से त्रस्त होकर जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक का बहिष्कार किया गया है । रोजगार सहायकों द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समनापुर के नाम पंचायत निरीक्षक सुंदर लाल कंवर को निवेदन ज्ञापन पत्र सौंपा है, जिसमे उल्लेख किया गया है की जनपद पंचायत समनापुर में पदस्थ एपीओ सहायक यंत्री एवं सहायक लेखाधिकारी द्वारा मनरेगा योजना के कार्यों में सहयोग प्रदान नही किया जा रहा है ,और अनावश्यक रूप से मानदेय में कटौती की जा रही है जिससे अल्प मानदेय में कार्य कर रहे रोजगार सहायकों को परिवार चलाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, रोजगार सहायकों द्वारा लिखे गए पत्र में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, द्वारा मनरेगा के



कार्यों में कोई सहयोग प्रदान नही करने, सहायक यंत्री एवं सहायक लेखाधिकारी द्वारा आवश्यक तकनीकी जानकारी प्रदान न करते हुए मानसिक रूप से प्रताडित किए जाने का आरोप लगाया गया है, गौर तलब यह है कि आज के टेक्निकल युग में ग्राम पंचायतो में योजनाओं के अधिकता एवं सभी कार्यों को समय अवधि में पूर्ण किया जाना होता है, जिसमे कार्यों को करने हेतु विस्तृत जानकारी जनपद पंचायत द्वारा दिया जाना चाहिए परंतु रोजगार सहायकों द्वारा बताया गया कि जनपद पंचायत के टीम द्वारा ये बोलकर पल्ला झाड़ लिया जाता है, रोजगार सहायक जाने कैसा करेगा नही करोगे तो वेतन कटौती किया जायेगा जिससे त्रस्त होकर रोजगार सहायकों ने समस्या समाधान हेतु निवेदन किया है। ज्ञापन पत्र की प्रतिलिपि कलेक्टर डिंडौरी, एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के नाम सौंपते हुए समस्या समाधान किए जाने हेतु निवेदन किया गया है, रोजगार सहायक संघ के गयादीन यादव, राधेश्याम राजपूत, इंद्र सिंह उईके, गणेश मंडे, दिनेश सोनवानी, रेवा ठाकुर, संदीप तिवारी समेत सभी पंचायतों के रोजगार सहायक सम्मिलित हुए।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत शाला में पंजीयन के लिए आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम




डिण्डौरी ।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत कलेक्टर नेहा मारव्या के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्याम सिंगौर के मार्गदर्शन में चाड़ा आंगनबाड़ी केंद्र में वन स्टॉप सेन्टर प्रशासक सविता धार्वे एवं वन स्टॉप सेन्टर परामर्शदाता निकिता मरकाम ने आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित बालिकाओं एवं महिलाओं शाला त्यागी किशोरी बालिकाओं के ज्यादा से ज्यादा शाला में नामांकन के लिए जागरूक कर उनको शिक्षा से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिससे कोई भी बालिका शिक्षा के अधिकार से वंचित न हो सके एवं अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सके। साथ ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, बाल विवाह रोकने के लिए किए जा रहे प्रशासन के प्रयास, बाल विवाह के दुष्प्रभाव, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के विषय में चर्चा की गई।साथ ही वन स्टॉप सेन्टर केस वर्कर रागिनी धुर्वे एवं विधिक सलाहकार स्मिता चौरसिया द्वारा वन स्टॉप सेन्टर (सखी), महिला हेल्पलाइन 181, वन स्टॉप सेन्टर डिंडोरी हेल्पलाइन नंबर 7828195167 के विषय में चर्चा की। इसी क्रम में जनपद पंचायत कार्यालय बजाग में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शाला त्यागी किशोरी बालिकाओं एवं उनके परिजनों को ज्यादा से ज्यादा बालिकाओं का शाला में पंजीयन एवं उनको पढ़ाई के प्रति रुचि बनाए रखने के लिए जागरूक करने के लिए प्रयास करने के लिए जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग विकासखंड बजाग की समस्त पर्यवेक्षक, वन स्टॉप सेन्टर केस वर्कर रितु खांडे भी उपस्थित रहीं।

## आदर्श ग्राम भगनवारा में संपन्न हुआ भव्य ग्राम उत्सव कार्यक्रम

अमरपुर।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अमरपुर द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के मंशानुसार आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत प्रस्तावित आदर्श ग्राम भवनवारा में ग्राम उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय ग्राम सरपंच की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि बद्री प्रसाद चौहान जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद डिंडौरी द्वारा भारत माता के तेल चित्र में तिलक वंदन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित मंचासिनों एवं अतिथियों का तिलक एवं पुष्पहार से स्वागत किया गया। तदृपश्चात ग्राम के 20 वर्ष के ऊपर महिला पुरुषों के बीच देशी खेल प्रतियोगिताओं में मटकी फोड़, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, रस्साकसी प्रतियोगिता तथा अहीर नृत्य प्रस्तुत की गई। इस प्रतियोगिता के विजेताओं एवं उपविजेताओं को प्रमाण पत्र एवं मैडल से पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही 80 वर्ष से ऊपर के वृद्धजनों को भी श्रीफल एवं



गमछा से सम्मानित किया गया। और साथ में क्षेत्र में 10 वीं, 12 वीं, आठवीं एवं पांचवी टॉपर छात्र-छात्राओं तथा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं सरपंच, मुक्कदम, कोटवार, साहसी व्यक्तियों को भी प्रशस्ति पत्र एवं मैडल से सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के अंत में जिला समन्वयक द्वारा आदर्श ग्राम की पृष्ठभूमि रखते हुए आदर्श ग्राम के प्रारंभिक कार्यों में तुलसी ग्राम, गौ ग्राम, पॉलिथीन मुक्त ग्राम, जैविक ग्राम, विवाद मुक्त ग्राम, जन सूचना केंद्र तथा संस्कार केंद्र इत्यादि विषयों को विस्तृत रूप से बताया गया। जिसे ग्रामवासियों ने निस्वार्थ भाव से उक्त कार्य संगठन आत्मक भाव से करने हेतु सहमत हुए और क्रमशः गांव को आदर्श ग्राम बनाने का प्रयास करने की सहमति दी गई। इसके पश्चात धोबी सिंह परस्ते, ग्राम पंचायत सरपंच, सूरज यादव, धनेश मानिकपुरी, अवध सिंह धुर्वे द्वारा भी आदर्श ग्राम के विषयों पर अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम समापन के पश्चात सामुदायिक भवन भगनवारा में जन सूचना केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अमरपुर द्वारा किया गया।

## विधायक ने शहपुरा में आयोजित जनशिविर में हितग्राहियों को किया हितलाभ वितरण

डिण्डौरी ।

शहपुरा में शनिवार को आयोजित जन शिविर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत हितग्राहियों से प्राप्त आवेदन के आधार पर विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अभियान के दौरान आवेदन करने वाले हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया।अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनो पर कार्यवाही कर अभियान के अग्रिम चरण में आवेदकों को हितलाभ वितरण करने के उद्देश्य से आज जनपद पंचायत शहपुरा की ग्राम पंचायत मरवारी,पड़रिया खुर्द, मानिकपुर, में आयोजित कार्यक्रमों में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे शामिल हुए।आयोजित शिविर में भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम,जनपद अध्यक्ष शहपुरा प्रियंका आर्मो,ज्ञानदीप त्रिपाठी, जनपद उपाध्यक्ष जितेंद्र चंदेल, संतोष साहू, कमल अग्रवाल, हीरेंद्र मरावी,भजन दास चक्रवर्ती,जय सिंह मरावी, प्रभात झारिया, बद्री साहू, नितिन गुप्ता,नवीन विश्वकर्मा, सुनील मरावी, उत्तम असाटी,राकेश परस्ते, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, पप्पू प्रदीप कुमार झारिया,महेश धूमकेती सहित अन्य जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के राजस्व,



पंचायत, महिला एवं बाल विकास,कृषि सहित अन्य विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आयोजित जनशिविरों में आज हितलाभ वितरण के साथ ही अभियान के दौरान शेष रह गए पात्र हितग्राहियों के आवेदन भी स्वीकार किये। इस दौरान विधायक ओम प्रकाश धुर्वे ने ग्राम पंचायत पड़रिया खुर्द में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन सहित अन्य कार्यों का लोकार्पण किया। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अभियान के दौरान 60 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त किये गए, जिन पर सम्बंधित विभाग कार्य कर लोगों को लाभान्वित कर रहे है। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन आपके द्वार तक आपकी समस्याओं का निराकरण करने पहुंची है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में किए जा रहे निर्माण कार्यों से ग्राम का विकास किया गया। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लोगों का उपचार किया जा रहा है,प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लोगों के पक्के आवास का सपना पूरा हुआ है, अभी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वे कार्य प्रारम्भ है,सभी का नाम सर्वे में शामिल कर पक्का आवास बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान में आयोजित जनशिविरों को सफलतापूर्वक संचालित किया गया है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम कहा कि ने जन कल्याण अभियान के बारे में कहा कि अभियान के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति तक के लोगों को पहुंचाने का काम किया गया। जन कल्याण अभियान के माध्यम से जनता तक सुलभ रूप से पहुंचाया गया, जिससे सभी जन लाभान्वित हुए है। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शासन की योजनाओं को धरातल पर साकार करने के उद्देश्य से 11 दिसंबर 2024 से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2025 तक निरंतर जनशिविर आयोजित किये गए। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का समापन कार्यक्रम राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। अभियान के तहत जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में जनकल्याण शिविर आयोजित हुए,जिनमें 60 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त किये।

## खबर संक्षेप

### सुरक्षा गार्ड व सुपरवाईजर हेतु पंजीयन शिविर कल

**नरसिंहपुर।** कैप्टन सर्विस लिमिटेड हैदराबाद द्वारा सुरक्षा जवान सुपरवाईजर के 500 पदों पर भर्ती के लिए विकासखंड स्तरीय पंजीयन प्लेसमेंट का आयोजन शासकीय पीजी कॉलेज तेंदूखेड़ा में 17 फरवरी को प्रात 10.30 बजे सायं 4 बजे तक किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिले के विकासखंड स्तरीय पंजीयन शिविर प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10 वीं से स्नातक, शारीरिक मापदंड, 18 से 35 वर्ष, 167.5 सेमी ऊंचाई, 56 से 90 किग्रा एवं 80 से 85 सेमी छाती होना आवश्यक है। शेष शर्तें भर्ती अधिकारी एवं कम्पनी के मापदंड के अनुसार लागू होंगे।

### भाजपा का प्रबुद्ध जन सम्मेलन आज

**नरसिंहपुर।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए ऐतिहासिक बजट के संबंध में संगोष्ठी का आयोजन किया गया है यह संगोष्ठी रविवार को दोपहर 3 बजे से मध्य प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के मुख्य अतिथि व भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक की अध्यक्षता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोड़यि, विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, महेन्द्र नागेश, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न होगी उक्त संगोष्ठी में समाज के सभी प्रबुद्ध जनों एवं बुद्धिजीवियों से उपस्थिति की अपील जिला भाजपा संगठन ने की है।

### आज मंत्री श्री सिंह लेंगे शिक्षा विभाग की बैठक

**नरसिंहपुर।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह 16 फरवरी को शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री सिंह रविवार 16 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में बजट पर प्रेस कांफ्रेंस में शामिल होंगे। इसके बाद अपरान्ह 3.30 बजे पीजी कॉलेज नरसिंहपुर में प्रबुद्ध जन सम्मेलन में शामिल होंगे। तद्धुपरांत मंत्री श्री सिंह सायं 5 बजे सर्किट हाऊस नरसिंहपुर में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय विभाग की समीक्षा करेंगे।

### राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज

**नरसिंहपुर।** जिले में मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा दो सत्रों में 16 फरवरी को प्रात 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से सायं 4.15 बजे तक आयोजित की जायेगी। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 के लिए शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक शाला नरसिंहपुर, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज नरसिंहपुर, शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला कॉलेज नरसिंहपुर और शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### वृद्ध पर जंगी सूअर ने किया हमला

**नरसिंहपुर।** गत दिवस नहर के पास बकरी चराने गये वृद्ध पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सतीश निवासी झारखुरपा थाना स्टेशगंज को बकरी चराते समय जंगली सुअर ने हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

---

## नियमों का उल्लंघन पर कार्रवाई

# दस्तूरी कार्रवाई में वसूला 26 हजार जुर्माना





नरसिंहपुर

जिले की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिये प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है लेकिन व्यवस्थाओं पर सुधार होता नजर नही आ रहा है। जिले मे सैकड़ों की संख्या मे अनफिट व बिना परमिट की बसे भी दौड़ती नजर आ रही है। जिन पर परिवहन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। वही गत दिवस की गई दस्तूरी कार्रवाई मे परिवहन विभाग व यातायात विभाग द्वारा 26 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला गया। यदि विभाग द्वारा ऐसी कार्रवाई निरंतर की जाती है तो यातायात व्यवस्था मे सुधार हो सकता है। जब परिवहन मंत्री के जिले मे यह हाल है तो प्रदेश के अन्य जिलों पर क्या हाल होगा यह सोचनीय विषय है।

### नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में जिला मुख्यालय के बस स्टेंड में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से 15 फरवरी को 68 वाहनों की चेकिंग की गई। परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले 19 वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 26 हजार 500 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया। यह समन शुल्क ड्राइवर व कंडक्टर की वर्दी, परमिट शर्तों का उल्लंघन, पीयूसी नहीं होने संबंधी धाराओं में वसूल किया गया। उक्त कार्रवाई में जिला परिवहन अधिकारी जितेन्द्र शर्मा, परिवहन पुलिस के अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।

### कलेक्टर के निर्देशों पर की जांच

उल्लेखनीय है कि 10 फरवरी को आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने परिवहन विभाग को निर्देशित किया था कि वे बिना फिटनेस और परमिट के चल रहे वाहनों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करें। इसके अलावा सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान जारी रहे। इसी क्रम में परिवहन एवं यातायात पुलिस ने यह कार्रवाई की है। यदि परिवहन विभाग द्वारा उक्त कार्रवाई को निरंतर रखा जावे तो जिले मे दौड़ रही अनफिट व बिना परमिट की बसों का संचालन बंद हो जावेगा जिससे लोगो को सुचारू व अच्छी यातायात व्यवस्था मिलेगी।

### सुप्त बना रहता है परिवहन विभाग

जिले मे बस चालकों की मनमानी के किससे आये दिन सुनने को मिलते रहते है लेकिन विभाग की सुप्त अवस्था के कारण उन पर विराम नही लग पाता है। परिवहन व पुलिस विभाग के चाहिए की समय समय पर बसों की जांच पड़ताल की जावे जिससे लोगों को बेहतर यातायात व्यवस्था के साथ उचित वाहन मे यात्रा करने को मिल सके। सड़कों पर दौड़ने वाली बसों की जांच पड़ताल ना होने के कारण बस मालिकों द्वारा बसे चलाई जाती है लोगो की मजबूरी बन जाती है कि उन पर यात्रा करें। वही विभाग हादसे के दौरान ही जागृत अवस्था मे आता है। सोचनीय बात यह भी है कि परिवहन मंत्री के जिले मे यह हाल है तो प्रदेश के बाकी जिलों मे क्या हाल होगा।

---

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का वार्षिक शिविर सम्पन्न



**नरसिंहपुर।** उच्च शिक्षण संस्थान एम.आई.एम.टी कॉलेज नरसिंहपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की पुरुष एवं महिला इकाई के द्वारा ग्राम खैरी मे सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया। षिविर के समापन दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रथम चरण में प्रभातफेरी, ध्वजवंदन के साथ योगाभ्यास किया गया। कार्यक्रम श्रीमती ज्योति नीलेष काकोड़यि अध्यक्ष जिला पंचायत के मुख्य आतिथ्य, इंजी. रुद्रेश तिवारी चेयरमैन एम.आई.एम.टी. कालेज नरसिंहपुर की अध्यक्षता, दिलीप पाठक जिला संगठक रासेयो के विशिष्ट आतिथ्य एवं वीरेंद्र सूर्यवंशी प्लाटून कमाण्डर होमगार्ड, सुश्री रिया जाट सरपंच तथा पूर्व सरपंच राजेश पटेल की उपस्थिति में किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा रासेयो को समाज सेवा तथा मानव सेवा का मूल मंत्र निरूपित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष इंजी तिवारी द्वारा स्वयंसेवकों की समाज सेवा व राष्ट्र सेवा भावना तथा समाज में स्वयंसेवकों की उपयोगिता को उल्लेख करते हुये रासेयो को व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम बताया। विशिष्ट अतिथि दिलीप पाठक द्वारा रासेयो की गतिविधियों तथा योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इसके पूर्व होमगार्ड एस. डी. आर. एफ. की टीम द्वारा स्वयंसेवकों को आपदा से निपटने के लिये तकनीकी प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गयी। मुख्य अतिथि द्वारा ग्राम पंचायत परिसर में पौधारोपण किया गया। रासेयो महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती आराधना दुबे द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन सौम्या द्विवेदी द्वारा किया गया। समापन सत्र पर सीनियर कैड्टिस को 'बी' सर्टिफिकेट प्रदान किये गये। पुरस्कार वितरण में बेस्ट कैड्टि प्रमोद यादव, श्रेष्ठ सांस्कृतिक पुरस्कार सौम्या द्विवेदी, रिद्धी श्रीवात्री, अनुजा जैन तथा श्रेष्ठ दलनायक पुरस्कार पवन फरसोईया, अखिलेश बर्मन, शिवानी राजपूत, दीक्षा कहार को दिया गया। सभी रासेयो स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा स्मृतिचिन्ह एवं ग्राम पंचायत खैरी द्वारा प्रमाणपत्र दिये गये। उक्त अवसर पर बी.एस. धुर्बे, शिक्षिका दिव्या श्रीवास्तव, कल्पना झारिया, सुषमा सेन, एस.डी.आर.एफ. की टीम से सैनिक मनोज कुमार, संजय ठाकुर, गोपाल ठाकुर, अंकित कौशिक, दिनेश अहिरवार, उपसरपंच रामकुमार चौधरी, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी चंद्रप्रकाश गुप्ता, सहा. प्राध्यापक हेमराज सेन, रश्मि दुबे, कृष्णकान्त जाटव, धर्मेन्द्र जाट, रोहित जाट, सुरेन्द्र कटारे, प्रीतमलाल चैधरी, तुलसीराम चैधरी, कोटवार राजेष मेहरा, देवका बाई गौड, संपत बाई कहार, कुसुम बाई, गिरजा बाई, द्रोपती चैधरी सहित बड़ी संख्या में माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं एवं रासेयो स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही है।

# कोर्ट मोहर्रिर पुलिस कर्मियों की समीक्षा बैठक



**नरसिंहपुर।** गत दिवस कोर्ट मोहर्रिर एवं थाना चैकी में पदस्थ समंस-वारंट के कार्य में लगे कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा कोर्ट मोहर्रिर एवं समंस-वारंट के कार्य में लगे कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक ली गयी। संमंस वारंट के कार्य में लगे कर्मचारियों को निर्देश दिये गये कि न्यायालय से प्राप्त समंस-वारंट एवं नोटिस तामीली में किसी भी प्रकार की लापरबाही न बरती जावे साथ ही न्यायालय द्वारा सी.सी.टी.एन. पोर्टल के माध्यम से भेजे गये समंस-वारंट एवं नोटिस को निकालकर उनकी तामीली करायी जाकर उनकी पीडीएफ पोर्टल पर अपलोड की जावे। इसी प्रकार कोर्ट मोहर्रिर को निर्देश दिये गये कि न्यायालय द्वारा परित सभी निर्णयों की जानकारी रखी जावे एवं जिन प्रकरणों में दोषसिद्धि होती है उनमें अभियुक्तों के फिंगर प्रिंट अनिवार्य रूप से लिये जावे। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को न्यायालय की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये गये है। उक्त बैठक में पुलिस के राजपत्रित अधिकारीगण, प्रभारी कंट्रोल रूम, प्रभारी फिंगर प्रिंट शाखा, रीडर पुलिस अधीक्षक, प्रभारी लीगल शाखा, प्रभारी समंस-वारंट शाखा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री से मिले विधायक



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल अपने भोपाल अल्प प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री माननीय डॉ मोहन यादव मिलें तथा क्षेत्र के समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में विस्तार से चर्चा की।साथ ही मध्यप्रदेश शासन के लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह से भी मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न सड़कों से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई और बजट 2025 में विधानसभा तेंदूखेड़ा में जो गांव सड़क से वंचित है उन गांवों को सड़कों से जोड़ने पर चर्चा हुई लोकनिर्माण मंत्री ने सभी प्रमुख सड़क मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया गया। इसी दौरान प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र तिवारी से भी सौजन्य भेंट कर विकास कार्यों पर चर्चा हुई।

### उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा आज

**नरसिंहपुर।** जिला परियोजना समन्वयक एवं जिला सह समन्वयक द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने हेतु भारत सरकार के निर्देशानुसार संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा 16 फरवरी को आयोजित की जावेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अध्याय 21 के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने हेतु 15 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के असाक्षरों को साक्षर करने हेतु कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है,

# रेत कंपनी कर्मचारियों को डराने धमकाने का आरोप

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस विंध्यवासिनी कंपनी द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई आवेदन मे बताया गया है कि राकेश उर्फ जिम्मी परिहार आत्मज सियाराम परिहार निवासी नरसिंहपुर आये दिन शराब के नशे में कंपनी के रेत खनिज जांच नाकों पर आकर कंपनी के कर्मचारियों को डराया धमकाया जाता है। विगत दिवस भी मुशरान पार्क के पास अपने 4-5 साथियों को रोका और डराया धमकाया और कहने लगा कि अगर किसी ने मेरे रेत का वाहन रोका तो मैं उसे जान से मार दूंगा, मेरे वाहन बिना रॉयल्टी के ही चलेगें अगर किसी ने रोकने की कोशिश की तो मैं उस पर झूठी शिकायत और एफ.आई.आर करवाउंगा। उक्त घटना की शिकायत हमारे द्वारा स्टेशनगंज थाने में शिकायत की गई। कंपनी के मैनेजर राजू भदौरिया को फोनकॉल पर कर्मचारियों को गोली मारने की धमकी दी जिसकी शिकायत भी कंपनी द्वारा स्टेशनगंज थाने में की गई है बताया गया कि आरोपी के पिता सियाराम परिहार पुलिस थाना ठेमी में पदस्थ है जिनके पद के कारण राकेश उर्फ जिम्मी परिहार बहुत वर्षों से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन में लिप्त है. उक्त व्यक्ति हमारे कर्मचारियों के साथ भविष्य में कोई अप्रिय घटना को घटित कर सकता है। जिससे कंपनी के कर्मचारियों में भय का महौल है कंपनी के कर्मचारी अपने निर्धारित ड्यूटी पर नहीं जा पा रहे है। कंपनी के कर्मचारियों को भय से मुक्त कराने तथा कार्रवाई की मांग की गई है।

# अतिक्रमण हटाने विधायक ने दिये निर्देश

## जनसुनवाई के दौरान आये अनेक आवेदन



**तेंदूखेड़ा** शनिवार को तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने अपने ही कार्यालय में जनसुनवाई करते हुए मिले अनेक आवेदनों के आधार पर मौके पर तेंदूखेड़ा प्रभारी तहसीलदार रोहित सिंह राजपूत एवं नायब तहसीलदार पारस मिश्रा को तेंदूखेड़ा में पुराने बस स्टैंड राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग पर तथा चरनोई भूमि संतमोनी महिला कालेज के समीप ढिलवार तिगडडा पर मंदिर परिसर की भूमि सहित अनेक स्थानों पर अतिक्रमण हटाने निर्देशित किया गया ।साथ ही समय सीमा में सीमांकन करने नक्शा काटने सहित राजस्व प्रकरणों में समय सीमा में निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया।साथ ही खेल विभाग के अधिकारियों को तेंदूखेड़ा के नेता जी सुभाष चन्द्र बोस मिनी स्टेडियम में खेल सामग्री पहुंचाने स्टेडियम का उचित रखरखाव करने तथा युवाओं को खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की मंशा से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं को आयोजित करने के लिए निर्देशित किया गया।साथ ही युवाओं द्वारा लिखित में आवेदन देकर शिकायत की गई है कि युवाओं को खेल गतिविधियों को लेकर उचित सहयोग नहीं मिल पा रहा है। जनसुनवाई में सर्रा बंधी इमझिरा करोदी हीरापुर तेंदूखेड़ा सहित अनेक स्थानों से राजस्व विभाग खेल विभाग पीएचई विभाग की शिकायतों से संबंधित बडी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए।



### स्कूलों में जाकर किया जा रहा पुरस्कृत

**तेंदूखेड़ा।** छात्रों में नैतिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को विकसित कर विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास के लिये युग तीर्थ शांतिकुंज के निर्देशन में मध्यप्रदेश से ही वर्ष 1997 से शुरू की गई थी जो अब हर वर्ष देश के सभी राज्यों में संचालित हो रही है।भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जो कि इस वर्ष 9 अक्टूबर को आयोजित की गईं। थी ।जिसके परिणामों को घोषित किया गया है। तेंदूखेड़ा तहसील के इमलिया काचरकोना प्रखंड के परिजनों के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर काचरकोना शास.हा.सेकेण्डरी स्कूल इमझिरा सीएमराइज़ डोभी शास माध्य शाला इमलिया शास उच्च माध्यम शाला बिल्थारी ग्लोबल स्कूल डोभी विद्यालयों में पहुंचकर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरित कर विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# मामा के साथ रेत घाट पर नहाने आया भांजा हुआ गुम



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों सागर जिले के काछी पिपरिया रहली का रहने वाला मोहन पटेल का 15 वर्षीय बालक अभिषेक पटेल बरमान में पुण्य सलिला मां नर्मदा के रेत घाट से कहीं गुम हो गया है।जिसकी शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार काछी पिपरिया रहली के रहने वाले राजाराम पटेल गांव के अपने और भी लोगों के साथ बरमान के रेत घाट पर स्नान करने के लिए बुधवार को आये हुये थे। राजाराम की बहिन के साथ उनके दो भानजे भी साथ आये थे। नहाने पूजन अर्चन करने भोजन के बाद जब घर जाने को बाहन में बैठने लगे तब अभिषेक नहीं मिला तो देखा और तत्काल ढूंढने में जुट गए लेकिन अभी तक उक्त बालक का पता नहीं चल सका है।15 वर्षीय बालक अभिषेक मानसिक रूप से हल्का विछिप्त भी बताया जा रहा है। परिजनों का कहना है कि भोजन करने तक अभिषेक उनके साथ में ही था। परिजनों के द्वारा अपने स्तर से पतासाजी की जा रही है तथा बुरा हाल बना हुआ है।साथ ही किसी को भी उक्त बालक अभिषेक पटेल दिखे तो 8103472986 /9238474918 पर सूचना देने की अपील की है।

# भारत विकास परिषद प्रयाग प्रांत ने महाकुंभ में दी श्रेष्ठ व्यवस्थाएं

गोटेगांव

शनिवार को हुआ सुंदरकांड*गोटेगांव=पूरे देश को श्रेष्ठ विचारधारा एवं संस्कारों के साथ जोड़ने वाला संगठन भारत विकास परिषद विश्व के सबसे बड़े चर्चित प्रयागराज महाकुंभ में भी अपनी उत्कृष्ट सेवा के लिए जाना जाएगा क्योंकि पूरे देश से जब किसी को कोई समुचित व्यवस्थाएं नहीं मिल रही थी ऐसे में भारत विकास परिषद प्रयाग प्रांत उत्तर मध्य क्षेत्र 2 के तत्व धान में क्षेत्रीय संगठन मंत्री विक्रांत भैया के मार्गदर्शन में प्रांतीय अध्यक्ष अनूप जैन , अमित श्याम , वित्त सचिव आर एस सिंह , लीलाधर पारीख , जोधपुर एवं प्रयाग प्रांत के समर्पित कार्यकर्ताओं ने पूरे भारत से आने वाले सनातन धर्म के भक्तों को उचित शुल्क पर खाने-पीने एवं रहने की शानदार साफ स्वच्छ व्यवस्थाएं प्रदान की सेंट्रल रीजन के मीडिया प्रभारी बी डी सोनी पत्रकार ने शनिवार को जब यहां का भ्रमण किया तो यहां की शानदार व्यवस्थाओं को देखकर सभी प्रसन्नचित नजर आए शनिवार का दिन होने से महाकुंभ की शानदार सफलता के चलते प्रसन्नतापूर्वक यहां सुंदरकांड का संगीत में आयोजन हुआ यहां पर जो भोजन प्रसाद भंडारी का निर्माण कर रहे थे खेताराम देवासी जी ने बताया कि वे इस सेवा के लिए विक्रांत भैया के निर्देश पर प्रयाग कुंभ पधारे हैं और भंडारा प्रसाद की सेवा से बड़ी ही प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। विभिन्न क्षेत्र के यहां पर ठहरने वाले नागरिकों ने बताया है कि हमें गर्व है कि हम ऐसी संगठन से जुड़े हैं जो पूरे देश में सेवा और संस्कार के मामले में अग्रणी है। उल्लेखनीय है कि भारत विकास परिषद, श्रेष्ठ व्यक्तियों से संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा समर्पण के मूल सिद्धांतों पर निरंतर कार्य कर रहा है। आज सुंदरकांड में महिला इकाई से निशा जयसवाल जी, महाकौशल प्रांत से मंजू सोनी एवं अनेक भक्तगण उपस्थित रहे। सेंट्रल रीजन के अध्यक्ष सुनील कोठारी एवं महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष संजय तिवारी ने दूरभाष पर सभी पदाधिकारी की श्रेष्ठ व्यवस्थाओं के लिए सराहना करते हुए अभिनंदन किया है।

# संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा यज्ञ का समापन



**गोटेगांव**-तहसील के अंतर्गत ग्राम खमरिया (पिपरसरा) में विगत 9 फरवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा था। जिसमें कथा वाचिका देवी करूण प्रिया दुबे जी मथुरा वृंदावन द्वारा सगीतमय कथा का रसपान कराया जा रहा था वहीं पूजा पाठ का दायित्व पंडित अंकित दुबे द्वारा निर्वाहन किया गया।कथा का वाचन प्रत्येक दिन दोपहर 2:00 बजे से 5:30 तक कथा का रसपान कराया गया जिसमें दूर-दूर से भक्तों ने शामिल होकर धर्म लाभ उठायाकथा वाचिका देवी करूण प्रिया दुबे द्वारा कथा का समापन किया गया उसके उपरांत आज 16 फरवरी को कथा संपन्न होने के उपरांत पूर्ण आहुति एवं भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समस्त ग्रामवासियों ने सभी धर्म प्रेमी भक्तों से भंडारे में शामिल होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।कथा का आयोजन ग्राम खमरिया वासियों द्वारा किया जा रहा है। जिसमें सरपंच सत्येंद्र पाठक सहित अन्य लोगों का सहयोग प्राप्त रहा।

# सेबरमान के सूरजकुंड में होगा प्रांतीय सम्मेलन आज

**गोटेगांव।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन के तत्वाधान में प्रांतीय सम्मेलन बरमान सूरजकुंड के समीप दिनांक 16, 2,25 रविवार के दिन प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होगा सम्मेलन में विशेष अतिथि ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एंप्लाइज यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोहन शर्मा पूरे देश के विद्युत मंडलों में चल रहे निजीकरण से कर्मचारी और विद्युत उपभोक्ताओं पर आने वाले संकट से सावधान कराएंगे। सम्मेलन में जनता यूनियन के प्रदेश शीर्ष पदाधिकारी रामकुमार पटेल- अध्यक्ष -कैलाश शर्मा कार्यकारीअध्यक्ष- एम,एल, चौकसे- प्रदेश संयोजक- मोहन अग्रवाल -के,डी, द्विवेदी -के,एल, चंदेल-महासचिव -के आगमन के साथ प्रदेश से विधुत कर्मचारी आ रहे हैं। सभी विद्युत अधिकारियों कर्मचारियों पैंशनरो से सम्मेलन में शामिल होने का अनुरोध ओ,पी, सोनी प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष ने किया है।